# BOHRA INDUSTRIES LIMITED

**CIN: L46692RJ1996PLC012912**
Registered Office: 301, Anand Plaza, University Road, Udaipur, Rajasthan 313001
Email id: bil@bohraindustries.com, Phone: +91-294-2429513; Fax: +91-294-2429515
Website: http://www.bohraindustries.com

---

**Date:** 18/08/2026

**To,**
**National Stock Exchange of India Limited**
**Exchange Plaza Block G, C 1, Bandra Kurla Complex, G Block**
**BKC, Bandra Kurla Complex, Bandra East, Mumbai,**
**Maharashtra400051**

**NSE Symbol: BOHRAINDISIN: INE802W01023**

**Sub: Newspaper Advertisement –Submission of Newspaper Advertisement of the financial Results for the quarter ended 30th June 2026.**

Dear Sir,

Pursuant to provisions of Regulation 30, 47 and 52(8) of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we enclose herewith copies of the newspaper advertisements, pertaining to the Unaudited Standalone Financial Results of the Company for the quarter ended 30th June 2026, published in Financial Express (English) and Hukamnama (Hindi) on 18th August 2026.

A copy of the said newspaper advertisements is enclosed for your reference and record.

Thanking you,

Yours sincerely,

**For Bohra Industries Limited**

ATUL DAVE
Digitally signed by ATUL DAVE
Date: 2026.08.18 14:14:59 +05'30'

**ATUL DAVE**
**MANAGING DIRECTOR**
**DIN: 09696561**

Enclosed: As above.

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक में लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर जोर

**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)** जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश की अध्यक्षता में सोमवार को जिला सचिवालय सभागार में सासाहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को आमजन से जुड़े आधारभूत कार्यों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत किए गए वृक्षारोपण कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी पौधों की जियो-टैगिंग कर पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए, ताकि विभागों द्वारा निर्धारित वृक्षारोपण लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने जिन विभागों के वृक्षारोपण लक्ष्य अभी पूर्ण नहीं हुए हैं, उन्हें निर्धारित लक्ष्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पालनहार योजना की समीक्षा करते हुए निजी विद्यालयों में अध्ययनरत पात्र छात्र-छात्राओं के अध्ययनरत प्रमाण-पत्र जारी करवाकर उन्हें योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र बच्चों को योजनाओं का लाभ दिलाने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। साथ ही, सांसद कार्यालय से प्राप्त परिवादों का प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिए।



**30 दिन से अधिक लंबित परिवादों की होगी नियमित समीक्षा-** जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को नियमित रूप से लंबित शिकायतों की संख्या में कमी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि 30 दिन से अधिक समय से लंबित प्रत्येक परिवाद की संबंधित अधिकारी को प्रत्येक शनिवार जिला सचिवालय में उपस्थित होकर जवाबदेही प्रस्तुत करनी होगी। इस दौरान सभी लंबित प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि किसी भी कारण से कोई परिवाद 30 दिन से अधिक समय तक लंबित नहीं रहना चाहिए। विशेष रूप से पब्लिक सर्विस से संबंधित शिकायतों का गंभीरता से एवं संवेदनशीलता के साथ निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को अनावश्यक रूप से परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जय सिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद मनीष कुमार जाटव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंद गेट, अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग ओमप्रकाश किराड़, अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग धर्मवीर यादव, अधीक्षण अभियंता बिजली विभाग रूप सिंह गुर्जर, कोषाधिकारी गोपालकालरा, उपनिदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग महेंद्र कुमार, सहायक निदेशक आयुर्वेद विभाग अजीत बालयांण, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना में आवेदन आमंत्रित

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास निगम की ओर से पात्र लोगों को बैंकों के माध्यम से लाभ दिलाया जाएगा। प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में जिले की विभिन्न बैंकों के माध्यम से पात्र 164 आशार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा। परियोजना प्रबंधक अनुजा निगम बबलू शर्मा ने बताया कि जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में 18 से 60 वर्ष तक के समस्त बेरोजगार अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को स्वरोजगार के लिए पीएम अजय योजनान्तर्गत विभिन्न कार्य किराना दुकान, ब्यूटी पार्लर, रेडीमेड गारमेंट, चमड़ा कार्य, सिलाई कार्य, डेयरी उद्योग, लघु व्यवसाय, ऑटो मोबाइल रिपेरिंग के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी इच्छुक आशार्थी परियोजना प्रबंधक कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर तथा अपने ब्लॉक की पंचायत समिति एवं नगर पालिकाओं से नि:शुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर मय दस्तावेजों जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जनआधार कार्ड, राशन कार्ड, शपथ पत्र, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, जनआधार लिंक बैंक पासबुक एवं शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ सम्बन्धित पंचायत समिति, नगरपालिका में ऑफलाइन जमा कर सकते है। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के लिए कार्यालय समय में परियोजना प्रबंधक अनुजा निगम कार्यालय जिला कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 17 एवं 18 में सम्पर्क कर सकते है।

## अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान की अतिरिक्त मुख्य सचिव व मुख्य मंत्री से वार्ता सम्पन्न

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रतिनिधि मंडल की वार्ता प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा के नेतृत्व में सोमवार दिनांक 17 अगस्त को मुख्यमंत्री कार्यालय में अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा से हुई।

महामंत्री महेंद्र लखारा ने बताया कि वार्ता में शिक्षा में स्टाफिंग पैटर्न लागू कर समानुपात में शिक्षकों की नियुक्ति करने, 33000 संविदा शिक्षको को प्रबोधको की भांति नियमित किए जाने,टी.एस.पी. क्षेत्र में कार्यरत तृतीय श्रेणी व द्वितीय श्रेणी शिक्षकों का समायोजन नॉन टी.एस.पी क्षेत्र में व नॉन टी.एस.पी. क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों को गृह जिलों में स्थानांतरित करने,शिक्षक कल्याण बोर्ड के गठन का प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाने,31 दिसंबर के पश्चात नियुक्त शिक्षकों को ग्रीष्मावकाश सहित प्रथम नियुक्ति तिथि से न्यायालय के निर्णयानुसार समस्त परिलाभ दिए जाने,वेतन व्यवस्था वाले शिक्षकों को शहरी मकान किराया व भत्ता देने में वसूली रोकने के आदेश करने,सेवारत शिक्षकों द्वारा क्रश्वस्त्र. के दौरान इंटर्नशिप समय का पूर्ण वेतन देने व वसूली के आदेश वापस लिए जाने,शिक्षको से विभिन्न वसूलियों को रोके जाने, पे-प्रोटेक्शन दिए जाने आदि विषयों पर चर्चा हुई। सहानूभूति पूर्वक विचार किए जाने पर सहमति जताई। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा, महामंत्री महेंद्र लखारा, अतिरिक्त महामंत्री बसन्त जिन्दल एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष कैलाश कच्छावा सम्मिलित थे।



## ग्रामीण सेवा शिविर में गुरमेल कौर को मिला मंगला पशु बीमा योजना का लाभ

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जनकल्याण के लिये प्रतिबद्ध राजस्थान सरकार द्वारा आमजन तक जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित फॉलोअप ग्रामीण सेवा शिविर जरूरतमंद परिवारों के लिये राहत बन रहे हैं। अनूपगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 59 जीबी में सोमवार को आयोजित फॉलोअप ग्रामीण सेवा शिविर में पशु धारक गुरमेल कौर पत्नी निर्मल सिंह सहित दो अन्य लाभार्थियों के पशुओं का बीमा कर मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना पॉलिसी वितरित की गई।



पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा पशुपालकों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये चलाई जा रही मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना ग्रामीण परिवारों के लिये राहत बन रही है। पॉलिसी प्राप्त कर लाभार्थियों ने माननीय मुख्यमंत्री का आभार जताया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** राजकीय पी जी महाविद्यालय जमवारामगढ में सोमवार दिनांक 17 अगस्त को 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर दिनेश चंद मीना ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से बचने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएं और उनका संरक्षण किया जाए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर राजेश आर्य ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र में वृद्धि और आमजन को अधिक से अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित करना है। भारतीय संस्कृति में आदिकाल से ही वृक्षों के महत्व को समझा और उनके संरक्षण के लिए इस संस्कृति के लोग समर्पित रहे हैं। प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों को पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प भी दिलाया गया। इस अवसर पर संकाय सदस्य डॉ अनुजा तिवारी, सहाय आचार्य पूजा रोनीजा, डॉ मांगीलाल मीणा, राजेन्द्र प्रसाद मीणा, हनुमान प्रसाद बुनकर, अन्य संकाय सदस्य एवं एनएसएस के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2026

## वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत विशेष रेलगाडी 20 अगस्त को

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** देवस्थान विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2026 के अंतर्गत विशेष रेलगाडी 20 अगस्त गुरूवार को सांय 4 बजे भरतपुर रेलवे स्टेशन से रामेश्वरम-मदुरई वाया सवाईमाधोपुर के लिए रवाना होगी। सहायक आयुक्त भरतपुर डिवीजन मुकेश कुमार मीना ने बताया कि इस तीर्थ यात्रा में भरतपुर स्टेशन से 374 एवं सवाईमाधोपुर रेलवे स्टेशन से सवाईमाधोपुर एवं डीग जिले के 596 सहित कुल 970 वरिष्ठ नागरिक यात्री यात्रा करेंगे। सभी चयनित यात्रियों को निर्धारित समय पर संबंधित रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु सूचित किया गया है। उन्होंने बताया कि भरतपुर से प्रस्थान करने वाले यात्रियों को प्रात: 11 बजे रेलवे स्टेशन पर तथा सवाईमाधोपुर रेलवे स्टेशन पर दोपहर 1 बजे से रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान प्रत्येक कोच में 2 सरकारी कर्मचारी अनुदेशक के रूप में तैनात रहेंगे। साथ ही चिकित्सा व्यवस्था हेतु 1 डॉक्टर एवं 2 नर्सिंग अधिकारी भी साथ रहेंगे। जो संपूर्ण यात्रा के दौरान यात्रियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखेंगे। वर्ष 2026 हेतु चयनित सभी यात्रियों को ऑनलाइन भरे गए आवेदन.पत्र की हार्ड कॉपी प्रमाणित चिकित्सीय प्रमाण-पत्र सहित मूल जनआधार आधार कार्ड तथा दो पासपोर्ट साइज फ ोटो साथ लाना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त यात्रियों को अपनी दैनिक उपयोग की सामग्री आवश्यक औषधियां व्यक्तिगत आवश्यकता हेतु नकदी एवं कपडे साथ लाने के निर्देश दिए गए हैं।

## 'सृजन की सुरक्षा' अभियान:
## श्रीगंगानगर में पर्यावरण और बालिका संरक्षण की अनूठी पहल, एक ही दिन में बांटे 1500 पौधे

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (जयपुर) के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीगंगानगर ने 'ग्रीन वेलफेयर सोसायटी' के समन्वय से गाँव कालियां स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया।

बालिका संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन को समर्पित 'सृजन की सुरक्षा' अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को एक ही दिन में 1500 पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मिसाल कायम की गई। शिविर को संबोधित करते हुए अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश तथा प्राधिकरण के सचिव रवि प्रकाश सुथार ने बताया कि 'सृजन की सुरक्षा' समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने और पर्यावरण की रक्षा के उद्देश्य से शुरू की गई एक दूरगामी पहल है।

उन्होंने उपस्थितजनों से बेटों और बेटियों के बीच भेद न करने तथा बेटियों को समान शिक्षा व सुरक्षा अवसर प्रदान करने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने बाल विवाह रोकथाम, कन्या भ्रूण हत्या निषेध और सरकार की नि:शुल्क विधिक सहायता योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी इस अवसर पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शंकर धारीवाल, कृषि विभाग के सहायक निदेशक सुशील शर्मा, ग्रीन वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष शंकर सलुजा, उपाध्यक्ष श्रवण कुमार, स्कूल प्रिंसिपल शालु बाला व निर्मला सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रिक्त स्थानो पर प्रवेश हेतु आवेदन 20 अगस्त तक

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** संस्थान स्तर पर सीधा प्रवेश हेतु रिक्त रहे स्थानों में इलेक्ट्रीशियन, फिटर, वैल्डर, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, सर्वेयर, आरकेटैक्चरल ड्राफ्टमैन, सोलर टेक्नीशियन, मोटर मैकेनिक व्हीकल, कोपा, प्लम्बर, आरएसी इत्यादि में 18 से 20 अगस्त दोपहर 1 बजे तक प्रवेश आवेदन पत्र एसएसओ अथवा ई-मित्र के माध्यम से भर कर आवेदन पत्र मय दस्तावेज के संस्थान में जमा करावें। प्रवेश से वंचित रहे पूर्व में भरे गये आवेदन फॉर्म भी स्वीकार होंगे। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मचकुन्ड रोड धौलपुर में 21 अगस्त 2026 को सुबह 11 बजे से नियमानुसार प्रवेश होंगे।

# एक नजर

## श्रम कल्याण कार्यालय पुराने चिकित्सालय भवन में किया स्थानांतरित

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रम विभाग कार्यालय भवन वर्तमान में कचहरी परिसर में संचालित किया जा रहा था। जिला श्रम कल्याण अधिकारी वासुदेव जांगिड़ ने बताया कि श्रम कल्याण कार्यालय कचहरी परिसर से पुराने चिकित्सालय भवन में स्थानांतरित हो गया है। इसलिए कार्यालय से सम्बन्धित समस्त कार्यो एवं पत्राचार के लिए आमजन, श्रमिक, नियोजक एवं सम्बन्धित पक्ष अब पुराने चिकित्सालय भवन स्थित नवीन कार्यालय में ही सम्पर्क करें।

## सीनियर रेजीडेंट पद हेतु आवेदन आमंत्रित

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजमेस जयपुर के निर्देशानुसार राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय धौलपुर में सीनियर रेजीडेंट के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन पत्र 19 अगस्त को शाम 5 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। आवेदन से संबंधित रिक्त पदों का विवरण, पात्रता एवं नियुक्ति की शर्तें तथा आवेदन पत्र का प्रारूप महाविद्यालय की विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट पर जाकर विस्तृत सूचना एवं आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

*अगस्त माह की जिला स्तरीय जनसुनवाई स्थगित*

## 20 अगस्त की जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं जिला जन अभाव अभियोग एवं सतर्कता समिति की मासिक बैठक स्थगित

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं जिला जन अभाव अभियोग एवं सतर्कता समिति, जयपुर की मासिक बैठक, जो 20 अगस्त 2026 (तृतीय गुरुवार) को जिला कलेक्ट्रेट सभागार, जयपुर में आयोजित की जानी थी, को स्थगित कर दिया गया है। इसके साथ-साथ ब्लॉक स्तरीय व ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई भी स्थगित कर दी गई हैं। जिला कलक्टर संदेश नायक ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 21 जुलाई से 31 अगस्त 2026 तक ग्रामीण सेवा शिविर-2026 एवं शहरी सेवा शिविर-2026 की बैठक हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों की व्यस्तता को दृष्टिगत रखते हुए जनसुनवाई को स्थगित किया गया है।

## पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के लिए आज होने वाली आरक्षण-लॉटरी प्रक्रिया स्थगित

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पंचायती राज संस्थाओं के श्रेणीवार आरक्षण के निर्धारण एवं आवंटन के लिए 18 अगस्त 2026 को सरपंच एवं पंच के लिए संबंधित उपखंड मुख्यालयों पर प्रात: 9 बजे तथा जिला परिषद सदस्य, प्रधान एवं पंचायत समिति सदस्यों के लिए दोपहर 2 बजे कलक्ट्रेट सभागार में निर्धारित आरक्षण-लॉटरी प्रक्रिया को स्थगित किया गया है। जिला कलक्टर (पंचायत) संदेश नायक ने बताया कि पंचायती राज विभाग के निर्देशानुसार पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में संशोधन करते हुए जिला परिषद् सदस्य, प्रधान एवं पंचायत समिति सदस्यों के लिए आरक्षण-लॉटरी की तिथि 17 सितंबर 2026 तथा सरपंच एवं पंच के लिए आरक्षण-लॉटरी की तिथि 18 सितंबर 2026 सुनिश्चित की गई है। अत: पंचायती राज संस्थाओं के लिए जिला मुख्यालय जयपुर एवं उपखंड कार्यालय स्तर पर 18 अगस्त 2026 को होने वाली आरक्षण-लॉटरी की प्रक्रिया स्थगित कर द गई है।

## 25 अगस्त से 8 सितंबर तक मनाया जाएगा 41वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय अंधता एवं दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 41वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा 25 अगस्त से 8 सितंबर 2026 तक जिलेभर में आयोजित किया जाएगा। पखवाड़े का उद्देश्य आमजन को नेत्रदान के महत्व की जानकारी देना तथा अधिक से अधिक लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित करना है। पखवाड़े के दौरान जिले के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में नेत्रदान जागरूकता एवं संकल्प शिविर आयोजित किए जाएंगे। स्थानीय रेडियो, टीवी एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से नेत्रदान के महत्व एवं इसके सामाजिक सरोकार से जुड़े संदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नेत्रदान के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसी क्रम में ब्लॉक एवं ग्राम स्तर तक सोशल मीडिया एवं अन्य प्रचार माध्यमों के जरिए नेत्रदान से संबंधित जागरूकता संदेश पहुंचाए जाएंगे। चिकित्सा संस्थानों में नेत्रदान एवं कॉर्निया प्रत्यारोपण से संबंधित जानकारी साझा करने के साथ ही आवश्यकतानुसार जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने कहा कि नेत्रदान एक महान सामाजिक कार्य है। मृत्यु के बाद किया गया नेत्रदान किसी दृष्टिबाधित व्यक्ति के जीवन में रोशनी ला सकता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि नेत्रदान के महत्व को समझें और आगे आकर नेत्रदान का संकल्प लें। डॉ. शेखावत ने सभी चिकित्सा संस्थानों को निर्देश दिए कि पखवाड़े के दौरान अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए प्रभावी जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएं तथा नेत्रदान के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से नेत्रदान के प्रति सामाजिक जागरूकता को और मजबूत किया जा सकता है।

**BOHRA INDUSTRIES LIMITED**
CIN: L46692RJ1996PLC012912
Regd. Office : 301, Anand Plaza, University Road, Udaipur -313001, Rajasthan
**Statement of Standalone unaudited Financial Results for the Quarter and Year ended**
(₹ In lakhs, except per share data)

| Sl No. | Particulars | Quarter ended on 30-Jun-26 Unaudited | Quarter ended on 31-Mar-26 Audited | Quarter ended on 30-Jun-25 Unaudited | Year Ended 31-Mar-26 Audited |
|---|---|---|---|---|---|
| I | Revenue from Operations | - | - | - | - |
| II | Other income | - | 0.18 | - | 0.20 |
| III | Total Income (I+II) | - | 0.18 | - | 0.20 |
| IV | Expenses | | | | |
| a | Cost of materials consumed | - | - | - | - |
| b | Purchases of Stock-in-Trade | - | - | - | - |
| c | Changes in inventories of finished goods, Stock-in -Trade and work-in-progress | - | - | - | - |
| d | Employee benefits expense | 6.66 | 5.44 | 4.75 | 23.01 |
| e | Finance costs | - | 0.06 | 0.01 | 0.09 |
| f | Depreciation and amortization expense | 33.08 | 33.02 | 33.13 | 132.43 |
| g | Other expenses | 16.81 | 86.55 | 31.42 | 163.15 |
| | Total expenses | 56.55 | 125.07 | 69.31 | 318.69 |
| V | Profit/(loss) before exceptional items and tax | (56.55) | (124.89) | (69.31) | (318.49) |
| VI | Exceptional items | - | - | - | - |
| VII | Profit/(loss) before tax (V-VI) | (56.55) | (124.89) | (69.31) | (318.49) |
| VIII | Tax expense | - | (21.46) | - | (21.46) |
| IX | Profit/(loss) for the period (VII-VIII) | (56.55) | (103.43) | (69.31) | (297.03) |
| X | Other Comprehensive Income | | | | |
| | (i) Items that will not be reclassified to profit or | - | - | - | - |
| | (ii) Income tax relating to items that will not be reclassified to profit or (loss) | - | - | - | - |
| XI | Total Comprehensive Income for the period | (56.55) | (103.43) | (69.31) | (297.03) |
| XII | Paid up Equity Share Capital (Face Value of ₹ | 2,117.22 | 2,117.22 | 2,117.22 | 2,117.22 |
| XIII | Reserves (excluding revaluation reserve as shown in the balance sheet of the previous year) -Other equity | | | | |
| XIV | Earnings Per Share ( ₹ 10/- each) (not | | | | |
| | (1) Basic (₹ ) | (0.27) | (0.49) | (0.33) | (1.40) |
| | (2) Diluted (₹ ) | (0.27) | (0.49) | (0.33) | (1.40) |

Notes
1. The above unaudited financial result for the quarter ended 30th June, 2026 were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of directors at their meeting held on 14-08-2026.
2. Previous Year and Quarter figures have been regrouped or re-classified whenever necessary.
3. The company operates under one segment only and therefore reporting under AS-17 (segment reporting) is not applicable.

Place : Udaipur
Date : 14.08.2026

For Bohra Industries Limited
Sd/- ATUL DAVE
MANAGING DIRECTOR (DIN: 09696561)